# सिलिका सेंड खदान के रवन्ना की आड़ में चारागाह भूमि से बजरी का अवैध खनन

## बजरी खनन के दौरान पोकलेन मशीन से चारागाह के हरे पेड़ उखाड़ दिए, प्रशासन मौन



मांडलगढ़ के कटारियों का खेड़ा की चारागाह में अवैध बजरी का खनन चल रहा है।



हजारों टन अवैध बजरी का खनन कर ट्रकों से कोटा-बारां तक भेजा जा रहा है।

- कटारियों का खेड़ा के ग्रामीणों ने अवैध खदान पर प्रदर्शन किया और खनिज विभाग को शिकायत कर अवैध खनन बन्द कराने की मांग की
- 'राजगढ़ पटवारी को मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं, रिपोर्ट मिलने पर अवैध खननकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी'

**माण्डलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ में काछोला कस्बे के पास कटारियों का खेड़ा गांव में बजरी माफिया के हौसले इतने बुलन्द हो चुके हैं कि अपनी दबंगई जताकर सरकारी सिस्टम को ही लाचार बनाकर रख दिया। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद गाँव की चारागाह भूमि में खुलेआम बजरी का अवैध खनन किया जा रहा है। यहां चारागाह भूमि के पास संचालित एक सिलिका सेंड की खदान के कथित रवन्ना की आड़ में हजारों टन अवैध बजरी का खनन किया जा चुका है और ट्रकों से परिवहन कर कोटा-बारां तक बजरी को भेजा जा रहा है।

काछोला के पास राजगढ़ पंचायत के कटारियों का खेड़ा गांव के ग्रामीणों ने खनिज विभाग भीलवाड़ा और काछोला तहसीलदार को की गई शिकायत में बताया कि गांव की सरहद में स्थित आराजी नम्बर 213 की चारागाह भूमि में पोकलेन मशीन से विगत दो सप्ताह से बजरी का अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। बजरी खनन के दौरान चारागाह भूमि के कई हरे पेड़ों को धराशायी कर दिया गया है, लेकिन शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इस मामले को लेकर कटारियों का खेड़ा के ग्रामीणों ने अवैध खनन स्थल पर प्रदर्शन कर प्रशासन और खनन माफिया के खिलाफ आक्रोश जताया और अवैध खनन बन्द करने के लिए खनन माफिया को चेतावनी दी, लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार लोग ग्रामीणों की शिकायत को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं खनन माफिया गिरोह से जुड़े लोगों द्वारा ग्रामीणों को डराया और धमकाया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया ने चारागाह भूमि से कई हरे वृक्ष धराशायी कर दिए, बड़ी मात्रा में गहरे गड्ढे कर डाले हैं, जिससे पालतू पशु व जंगली जानवर हादसे का शिकार हो रहे हैं। विगत दो सप्ताह से रात दिन अवैध खनन का काम बेरोकटोक धड़ल्ले से किया जा रहा है। कटारियों का खेड़ा के ग्रामीण महेंद्र कुमार ने बताया कि चारागाह भूमि से सटी सिलिका सेंड, सोपस्टोन की खदान की आड़ में अवैध बजरी खनन का धंधा फलफूल रहा है।

काछोला नायब तहसीलदार कैलाश चन्द्र मीणा में बताया कि कटारियों का खेड़ा चारागाह में अवैध खनन होने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। मैने तुरन्त राजगढ़ पटवारी को मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल अवैध खनन बन्द करने के लिए खदान संचालकों को पाबंद कर दिया गया है। पटवारी की मौका रिपोर्ट मिलने पर अवैध खननकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यार्थियों ने एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए शपथ ली

## विश्व रिकॉर्ड होल्डर गजानंद बोहरा ने एम्बुलेंस के लिए समय की अहमियत बताई



भीलवाड़ा के महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को गजानंद बोहरा ने एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए शपथ दिलाई।

- 'विद्यार्थियों को बताया कि एम्बुलेंस के लिए प्रत्येक क्षण महत्वपूर्ण होता है'

**भीलवाड़ा,** (निसं)। विश्व रिकॉर्ड होल्डर गजानंद बोहरा ने पुलिस लाइन भीलवाड़ा में संचालित महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान बोहरा ने एम्बुलेंस के लिए समय की अहमियत के बारे में बताते हुए रास्ता खाली करने की प्राथमिकता पर जोर डाला। साथ ही ऐसा नहीं करने पर होने वाले संभावित नुकसान बताए।

बोहरा ने विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि अपने परिजनों के साथ यात्रा करने के दौरान एम्बुलेंस की आवाज सुनाई देने पर एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए आग्रह करेंगे। बोहरा ने बताया कि एम्बुलेंस चालक के लिए प्रत्येक क्षण महत्वपूर्ण होता है, इसलिए हमें एम्बुलेंस को गुजरने के लिए रास्ता खाली करने में देरी नहीं करनी चाहिए, अपितु तुरंत अपना वाहन एक तरफ कर रोक लेना चाहिए। सड़क पर एम्बुलेंस को गुजरने के दौरान अगर दोंनो तरफ के सभी वाहन गुजरने के बाएं तरफ लेकर कुछ क्षणों के लिए रुक जाएंगे तो सड़क का मध्य स्थान खाली हो जाएगा जिससे एम्बुलेंस चालक निःसंकोच ले जा सकेगा एवं मरीज को जल्द से जल्द अस्पताल तक पहुंचाया जा सकेगा। ऐसा कर हम कई लोगों की जान बचाने में मदद कर सकते हैं। बोहरा ने अपनी बात रखने का मौका देने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद फारुख का आभार जताया।

# शिव परिवार की मूर्ति खंडित करने का आरोपी गिरफ्तार

## गत दिनों प्राचीन श्री इंद्रकुटी हनुमान मंदिर पर मूर्तियों को खंडित करने का मामला

**जुरहरा/भरतपुर,** (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने गत दिनों कस्बे के प्राचीन श्री इंद्रकुटी हनुमान मंदिर पर स्थित शिव परिवार की मूर्तियों को खंडित करने के मामले में एक जने को गिरफ्तार किया है।

जुरहरा थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि तीन दिन पूर्व इन्द्रकुटी हनुमान जी मन्दिर में शिवलिंग व शिव परिवार की प्रतिमाओं को तोड़कर खण्डित करने वाले मुल्जिम अमित उर्फ छोटू उर्फ महाकाल पुत्र चेतराम पुजारी निवासी ग्राम सोनोखर थाना जुरहरा जिला डीग को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को इन्द्रकुटी हनुमानजी मन्दिर कस्बा जुरहरा पर स्थित शिवलिंग सहित शिव परिवार की प्रतिमाओं को तोड़कर खण्डित करने के बारे में स्थानीय थाने पर मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस टीम थाना जुरहरा द्वारा लगातार इस सम्बन्ध में सूचना संकलन व संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ की गई व पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर तत्परता दिखाते हुये गुरुवार को इंडस्ट्रियल एरिया सोनोखर से आरोपी अमित उर्फ छोटू उर्फ महाकाल पुत्र चेतराम पुजारी निवासी ग्राम सोनोखर थाना जुरहरा जिला डीग को दस्तयाव कर पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार किया गया है।



शिव परिवार की मूर्ति को खंडित करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि मूर्ति खंडित होने पर जुरहरा कस्बे में तनाव व आक्रोश का माहौल हो गया था और कस्बेवासियों ने घटना के विरोध में मार्च निकालकर बाजार बंद कराते हुए बस स्टैंड पर जाम लगा दिया था। जुरहरा तहसीलदार मनोज भारद्वाज व कामां डीएसपी के द्वारा काफी समझाइश के बाद जाम खुलवाया गया था। पुलिस ने मामले की गम्भीरता को समझते हुए तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# निजी स्कूल संचालक ने तीन बच्चों को टीसी काटकर घर भेजा

- जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक चूरू को ज्ञापन देकर की कार्यवाही करने की मांग की
- बच्ची की टीसी काटने के मामले की जांच बागला स्कूल के प्रधानाचार्य को सौंपी

**चूरू,** (का.सं.)। ब्राइट माइंड पब्लिक स्कूल चूरू के संचालक ने तीन बच्चों को धमकी दे डाली। बाद में तीनों की टीसी काट कर घर भेज दिया। बताया जा रहा है कि स्कूल संचालक ने बच्चों से ज्यादा फीस मांगी थी। इस बात को लेकर स्कूल संचालक और अभिभावक में विवाद हो गया था।

बच्चों के दादा ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक, चूरू को ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग की है। चंदू सोनी ने ज्ञापन में लिखा है कि मेरे दो पोते और एक पोती ब्राइट माइंड पब्लिक स्कूल वार्ड नंबर 41 चूरू में पढ़ते थे। ब्राइट माइंड पब्लिक स्कूल के प्रबंधकों ने बच्चों को धमकी दी और प्रताड़ित किया। बाद में उनकी टीसी काटकर घर भेज दिया। स्कूल की मनमानी के कारण मेरे बड़े पोते की पढ़ाई छूट गई है। वह मानसिक रूप से भी परेशान रहने लगा है। बच्चों के दादा ने स्कूल कमेटी के भागीरथ शर्मा, महावीर बहड़ आदि से भी न्याय की मांग की लेकिन किसी ने कोई सुनवाई नहीं की और टीसी काट दी। यहां कोलकाता ट्रस्ट की इस बेईमानी ने उसकी वास्तविकता की पोल खोल दी है।

जानकारी के अनुसार चूरू के ब्राइट माइंड पब्लिक स्कूल ने फीस वसूलने के लिए प्रथम कक्षा में पढ़ रही एक अन्य बच्ची को भी स्कूल से बाहर निकालकर उसे शिक्षा से वंचित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ब्राइट माइंड पब्लिक स्कूल में प्रथम कक्षा में पढ़ रही बच्ची को फीस वसूलने के लिए अपनी ओर से बनाये गए नियम लागू करके शिक्षा से वंचित कर दिया। स्कूल द्वारा 1 अक्टूबर 2024 को बच्ची के घर पर फ़ोन करके कहा जाता है कि फीस नहीं आने पर अब अपनी बेटी को स्कूल नहीं भेजें। यहां बिना फीस वसूले पढ़ाई नहीं करवाई जाती है। बच्चे को घर पर ही रखें। पढ़ाना है तो 20 हजार रुपए जमा करवाने होंगे। इसके अलावा बार बार कॉल के जरिये अभिभावकों पर लगातार मानसिक दवाब बनाया जाता रहा है। यहां छह दिन से स्कूल की मनमानी लगातार ऐसे ही चल रही है। स्कूल की मनमानी के कारण बालिका घर पर ही रह रही है।

इस स्कूल में निशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है। विद्यालय ने 25 प्रतिशत सीट पर अभावग्रस्त परिवार के बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने की योजना बना रखी है। लेकिन इस विद्यालय में प्री प्राइमरी कक्षा में 5-6 बच्चों को ही प्रवेशित किया गया है। जबकि प्रथम कक्षा में करीब 70 से अधिक बच्चों ने आवेदन किया है लेकिन किसी एक बच्चे को भी प्रवेश नहीं दिया गया है। यह उच्च स्तरीय जांच का विषय है। जिला शिक्षा अधिकारी व कलेक्टर को इस ओर ध्यान देकर विद्यालय के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण ने बच्ची की टीसी काटने की जांच बागला स्कूल के प्रधानाचार्य को सौंपी है।

# चाउमीन के पैसे मांगने पर दो पक्षों में विवाद, एक की मौत

**रूपवास,** (निसं)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानुआ में देर शाम हुए दो पक्षों में खूनी संघर्ष को लेकर लाठीभाटा जंग हो गई। इसमें 40 वर्षीय जितेंद्र जाटव की मौत हो गई वहीं गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर गहनोली मोड़ थाना पुलिस एवं सीओ अनिल डोरिया, तहसीलदार अमित शर्मा के साथ प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मामले को देखकर रूपवास, रुदावल व उच्चैन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित जाटव समाज के लोगों ने हत्या के विरोध में नेशनल हाइवे-123 पर जाम लगा दिया। काफी समझाइश करने के बाद ग्रामीण जाम को खोलने के लिए तैयार हो गए।

जितेंद्र (40) पुत्र रघुनाथ अंडा चाउमीन की दुकान करता था। भम्मू का बेटा चाउमीन खरीदने के लिए दुकान पर आया। दुकानदार ने युवक से पैसे मांगे तो बातों ही बातों में झगड़ा हो गया। धीरे-धीरे झगड़ा ने बढ़ गया। इसके बाद दोनों समाज के लोग आमने-सामने हो गए। इसके बाद आपस में लाठी-भाटा जंग हो गई। इसमें जितेंद्र की मौत हो गई व गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जितेंद्र का शव आरबीएम भरतपुर मोर्चरी में रखवाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपर्द कर दिया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 11 एवं 12 को भरतपुर दौरे पर रहेंगे

**भरतपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिवसीय दौरे पर 11 अक्टूबर शुक्रवार को भरतपुर आएंगे जहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा अधिकारियों की बैठक लेकर जनसुनवाई भी करेंगे।

जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री 11 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे जयपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर झील का बाड़ा पहुंचकर कैला देवी मंदिर के दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री दोपहर 1.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा झील का बाड़ा से प्रस्थान कर एमएसजे कॉलेज स्थित हैलीपेड पर पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे सर्किट हाउस, दोपहर दो बजे आरबीएम अस्पताल पहुंचकर नवीन आरबीएम अस्पताल भवन निर्माण एवं विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात लोहागढ़ किला स्थित किशोरी महल के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण, नई मण्डी कुम्हेर गेट से हीरादास प्रस्तावित फ्लाईओवर एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण, काली की बगीची से शास्त्री पार्क प्रस्तावित फ्लाईओवर एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण, एक्वेरियम व बायोलोजिकल पार्क, केवलादेव एवं शास्त्री पार्क के विकास कार्य तथा नवीन बस स्टेण्ड के विकास कार्यों का निरीक्षण के साथ ही अन्य विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने बताया कि सांय पाचं बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में भाग लेकर सांय सात बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 12 अक्टूबर शनिवार को प्रातः दस बजे से स्थानीय सर्किट हाउस में आमजन की सुनवाई करेंगे। इसके पश्चात वे प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे तथा दोहपर में एमएसजे कॉलेज स्थित हैलीपेड से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# फड़ चित्रकार विजय जोशी जापान में कला प्रदर्शन करेंगे

- 11 से 21 अक्टूबर तक भारत-जापान सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम में प्रदर्शन करेंगे

**शाहपुरा,** (निसं)। विश्वविख्यात शाहपुरा शैली के फड़ चित्रकार विजय जोशी द्वारा ओसाका, टोक्यो जापान में 11 से 21अक्टूबर तक भारत-जापान सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम में शाहपुरा की फड़ चित्रकारी का कला प्रेमियों के समक्ष लाइव प्रदर्शन करेंगे। साथ ही फड़ चित्रकारी भी प्रदर्शित होगी। इस लाइव कला प्रदर्शन में विजय जोशी जिन्होंने अपनी कला के माध्यम से जापान के कला प्रेमियों को फड़ पेंटिंग के विभिन्न पहलुओं से अवगत करायेंगे। जोशी द्वारा कला प्रेमियों को बताया जायेगा कि कैसे ये पेंटिंग्स बनती हैं, रंगों का चयन कैसे किया जाता है और किस प्रकार की सामग्री का उपयोग होता है। फड़ चित्रकारी की बारिकियों से अवगत कराया जायेगा कि किस तरह से मोटे ब्रश और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करते हुए ये कलाकार कपड़े पर अपनी कला को जीवंत करते हैं। प्रदर्शन के दौरान, कला प्रेमियों द्वारा फड़ चित्रकारी बना सकते है। इस पारंपरिक कला के प्रति अपनी रुचि को और गहरा कर सकते हैं।

जोशी के साथ चार और कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे जो अलग-अलग राज्यों से है, अलग-अलग विधा में है। कलाकारों का चयन वि. आयु. कार्या. वस्त्र मंत्रालय द्वारा हुआ। भारतीय कला की समृद्धि को प्रदर्शित करने के लिए शाहपुरा शैली की फड़ पेंटिंग का लाइव प्रदर्शन होगा। विश्वविख्यात शाहपुरा शैली फड़ चित्रकारी अपनी मोलिकता, जीवंतता और रंगीनता के लिए प्रसिद्ध है। फड़ चित्रकारी आमतौर पर कपड़े पर बनाई जाती है और इनमें पाबुजी और देवनारायणजी की महागाथाओं का चित्रण किया जाता है, जिसे शाहपुरा मूल के जोशी चित्रकार करते हैं। ये कला का एक अद्भुत रूप हैं, जो न केवल देखने में आकर्षक है, बल्कि इनके पीछे एक गहरी कहानी भी होती है। यह आयोजन भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान करना है। शाहपुरा के फड़ चित्रकार विजय जोशी जापान में भारतीय संस्कृति की विविधता से परिचय करायेंगे।

# डीग महोत्सव-2024 का शोभयात्रा के साथ भव्य आगाज

## मेला मैदान में राधा-कृष्ण पोशाक प्रतियोगिता, दमखम कबड्डी व रस्साकशी प्रतियोगिताएं आयोजित

**डीग,** (निसं)। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के तत्वाधान में डीग महोत्सव-2024 का गुरुवार को भव्य आगाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीग के जल महल में जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल, उपनिदेशक पर्यटन विभाग संजय जौहरी, आयुक्त नगर परिषद मनोज मीना एवं जिला शिक्षा अधिकारी मनोज खुराना ने हरी झंडी दिखाकर किया।

अपने सौंदर्य तथा बाग व जल व्यवस्था के आनुपातिक संतुलन में स्थित महलों के कारण डीग हमेशा से ही पर्यटन की दृष्टिकोण से एक सुरम्य स्थल रहा है। ऐतिहासिक रूप से एक मध्ययुगीन सा देखने वाला यह अलसाया शहर अपनी महत्व रखता है और जल महलों के रूप में पहचान स्थापित किए जाने की कहानी को संजोए हुए हैं। शासकों का ग्रीष्मकालीन आवास रहे जल महलों की नगरी डीग में डीग महोत्सव की धूम ऐसी रही कि सुबह से ही महोत्सव के रंग में रंगने पर्यटकों का भारी जमावड़ा लगा रहा है। ब्रज क्षेत्र एवं अन्य इलाकों से आए हुए लोगों ने रंगारंग कार्यक्रम का पल पल का लुफ्त उठाया। जल महलों के बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और आए हुए सैलानी सब उल्लास से परिपूर्ण थे। जल महल के समीप स्थित जलाशय में पड़ने वाले इस प्रतिबिंब से संपूर्ण परिसर का वातावरण अलौकिक सौंदर्यमय हो गया जिससे देखकर सभी अभिभूत हो गए। बच्चे-बूढ़े सभी व्यक्ति सब कुछ संकोच और रूढ़ियाँ भूलकर ढोलक-झाँझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रंगों में डूबे नजर आए।



जल महलों की नगरी डीग में डीग महोत्सव की धूम ऐसी रही कि सुबह से ही महोत्सव के रंग में रंगने पर्यटकों का भारी जमावड़ा लगा रहा।

- कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर डीग महोत्सव का आगाज किया

सांयकाल में जल महलों में प्रसिद्ध रंगीन फव्वारों के चलने से चारों तरफ़ रंगों की फुहार फूट पड़ी। इस दौरान दूर-दराज से आए लोक कलाकारों की टोलियां रंग-बिरंगे कपड़े पहने नाचते-गाते दिखाई दिए।

हाइड्रोलिक प्रणाली से संचालित ये फव्वारे जैविक रंगों की छटा बिखेर रहे थे। इससे पूर्व डीग महोत्सव के प्रारंभ में शोभायात्रा निकाली गई जो गणेश मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए पुनरू जल महल परिसर पहुँची जिसमें स्कूली छात्र छात्राएं और राजस्थानी लोक कलाकारों सहित विभिन्न लोक और बृज अंचल की झांकी शामिल रहीं। इसके पश्चात मेला मैदान में राधा-कृष्ण पोशाक प्रतियोगिता, दमखम कबड्डी व रस्साकशी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित गई। वहीं दोपहर बाद महल परिसर में मूँछ प्रतियोगिता, साफा बांध प्रतियोगिता और दीपदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। रस्साकस्सी प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में लाल मनोहर लाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम एवं श्री राम आदर्श डीग दूसरे स्थान पर, कबड्डी छात्र वर्ग में केएल जोशी प्रथम और दूसरे स्थान पर गुरु आशीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मूंछ प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र सिंह प्रथम स्थान, मदनलाल शर्मा द्वितीय स्थान और छुट्टन सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में रस्साकस्सी प्रतियोगिता छात्र वर्ग में एमजीएफ डीग प्रथम स्थान और ज्ञान विहार डीग दूसरे पायदान पर रहे। राधा कृष्ण पोशाक प्रतियोगिता में किरण कान्वेंट पब्लिक स्कूल प्रथम स्थान, श्री राम स्कूल द्वितीय स्थान और एमएल ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही साफ़ा प्रतियोगिता में श्री गंगा सिंह प्रथम स्थान, रामकृष्ण द्वितीय स्थान और दशरथ सिंह नरैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।